>

Title:

श्री विजय कुमार (गया): माननीय सभापति महोदया, मेरे संसदीय क्षेत्र गया के अंतर्गत आवाम की लाइफ-लाइन कही जाने वाली सड़क बाराचट्टी जीटी रोड एन.एच 2 से मोहनपुर होते हुए रजौली तक करीब 50 किलोमीटर है, जिस पर प्रतिदिन हजारों छोटी-बड़ी गाड़ियां चलती हैं । यह गया जिला का मुख्य मार्ग है, इस सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग में परिवर्तित करने से आवागमन सुगम हो जाएगा । नवादा और झारखंड की दूरी कम हो जाएगी तथा इसके दोनों तरफ बसावट तेजी से विकास करेगी ।

मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री श्री गडकरी जी से यह आग्रह करना चाहता हूं कि बाराचट्टी से रजौली तक को राष्ट्रीय राजमार्ग में बदलने की कृपा करें । मैं पूर्व में भी माननीय मंत्री जी को इसके लिए पत्र लिख चुका हूं और उसके जवाब में यह आया था कि इसे प्राधिकार में भेजा जा चुका है । इसलिए मैं आपके माध्यम से यह अनुरोध करता हूं कि इस काम को जल्द से जल्द किया जाए ।